ASTHA MAHAVIDHYALYA BUDSU ROAD,JASRANA,KUCHAMAN CITY

SPORTS BOARD

क्रमांक..Astha/24/119 दिनांक....16/10/2024...

श्रीमान प्राचार्य महोदय
म. द. स. विश्वविद्यालय अजमेर से सबंधित
समस्त राजकीय/ निजी महाविद्यालय

विषय:- अन्तर महाविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता 2024-25 की सूचना बाबत |

महोदय/महोदया

आपको जानकर अत्यन्त प्रसन्नता होगी कि म. द. स. विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा अन्तर महाविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का दायित्व आस्था महाविद्यालय बूडसु रोड जसराना कुचामन सिटी को सौंपा गया है | इस सम्बन्ध में निम्न सूचनाएं आपकी सुविधा हेतु प्रेषित की जा रही है |

1. अन्तर महाविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता भारतीय कबड्डी महासंघ व म. द. स. विश्वविद्यालय अजमेर स्पोर्ट्स बोर्ड के नियमों के तहत आयोजित की जायेगी |
2. महाविद्यालय कबड्डी टीम में नियमानुसार 12 खिलाड़ी भाग लेंगे |
3. महाविद्यालय टीम के साथ मैनेजर का आना जरुरी है अन्यथा उस महाविद्यालय को प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जायेगा |
4. कबड्डी प्रतियोगिता हेतु दिनांक-17.10.2024 को सांय 4 बजे तक अपनी प्रविष्टी देनी होगी |
5. अन्तर महाविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का ड्रा दिनांक-18.10.2024 को प्रात:10:00 बजे निकाला जायेगा |
6. टीम की आवास व्यवस्था महाविद्यालय छात्रावास में होगी |
7. प्रत्येक टीम को पंजीयन हेतु योग्यता प्रपत्र दो प्रतियों में टीम आगमन के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा |
8. प्रत्येक टीम को रु 600/- अक्षरे छ: सौ रुपये मात्र प्रति मैच निर्णायक शुल्क देय होगा |
9. अमानत राशि के रूप में 500/- रु पंजीयन के समय जमा कराने होंगे | जो टीम वापसी जाते समय लौटा दिये जायेंगे |
10. खेल मैदान एवं निर्णायकों के निर्णय के विरुद्ध किसी भी प्रकार का प्रोटेस्ट स्वीकार नहीं होगा |
11. अन्तर महाविद्यालय कबड्डी (महिला)प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 10वीं, 12वीं एवं कॉलेज की सभी उत्तीर्ण कक्षाओं की मूल अंकतालिकाएं मय एक-एक फोटो प्रति व महाविद्यालय में प्रवेश की रसीद तथा परिचय पत्र मूल के साथ-साथ दो फोटो प्रति आवश्यक साथ लाये | इसके अलावा पासपोर्ट साईज की तीन फोटो अपने पास रखें | इसके बिना प्रतियोगिता में भाग लेने नहीं दिया जायेगा | जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित महाविद्यालय की होगी |
12. प्रतियोगिता के दौरान कोई भी खिलाड़ी मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेगा | यदि कोई ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसे तुरंत प्रभाव से प्रतियोगिता से निष्काषित कर दिया जायेगा |
13. इस प्रतियोगिता के सम्बन्ध की जानकारी एवं पत्र व्यवहार प्राचार्य आस्था महाविद्यालय बूडसु रोड जसराना कुचामन सिटी के दूरभाष न.- **9887734267,9983238777 व 9772375706** से संपर्क कर सकते है |

प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, कुचामन सिटी

प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय बूडसु रोड जसराना,कुचामन सिटी